पंजाब केसरी 25-11-2025

# जी.एम.एन. कॉलेज की डॉ. नेहा अग्रवाल को मिला 'डॉ. सरोजिनी नायडू इंटरनैशनल अवार्ड'

अम्बाला, 24 नवम्बर (बलराम): अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित इंटरनैशनल चैम्बर ऑफ मीडिया एंड एंटरटेनमैंट इंडस्ट्री (आई.सी.एम.ई.आई.) द्वारा इंटरनैशनल वूमैन फिल्म फोरम के सहयोग से आयोजित 9वें संस्करण के विशेष समारोह में गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज की रसायन शास्त्र की विभागाध्यक्ष एवं महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. नेहा अग्रवाल को 'डॉ. सरोजिनी नायडू : द नाइटिंगेल ऑफ इंडिया इंटरनैशनल अवार्ड फॉर वर्किंग वूमेन' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें शिक्षाविद, लेखिका एवं समीक्षक के रूप में देश के विकास में दिए गए योगदान के लिए दिया गया। डॉ. नेहा अग्रवाल ने अपने कार्यक्षेत्र में निरंतर उत्कृष्टता स्थापित करते हुए महिला सशक्तिकरण, सामाजिक उत्थान तथा राष्ट्र निर्माण में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है।

जी.एम.एन. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने इस उपलब्धि पर अपनी गहरी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. नेहा अग्रवाल हमारे संस्थान की गौरवशाली उपलब्धियों में एक महत्वपूर्ण नाम हैं। उनकी कर्मठता, विद्वता और समाज के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण उन्हें विशिष्ट बनाते हैं। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि यह सम्मान संस्थान की सभी छात्राओं के लिए प्रेरणा का माध्यम बनेगा। उन्हें अपने सपनों को साकार करने की दिशा में और अधिक उत्साहित करेगा। यह सम्मान आने वाले वर्षों में शिक्षा, समाज और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्रों में नई ऊर्जा एवं नए संकल्पों को जन्म देगा।

नोएडा फिल्म सोसायटी के संस्थापक एवं चांसलर डॉ संदीप मारवाह ने अपने उद्बोधन में कहा कि पूरे देश से सात हजार आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से पूरे देश की उत्कृष्ट कार्य करने वाली 100 कामकाजी महिलाओं को यह अवार्ड दिया गया है। उन्होंने कहा कि महिलाएं देश की नई पहचान और नई दिशा दिखाने का साहस रखती हैं। उनका योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। यह पुरस्कार न केवल उनके व्यक्तिगत समर्पण का सम्मान है, बल्कि उन सभी महिलाओं के अथक प्रयासों की पहचान भी है जो अपने कार्यक्षेत्र में चुनौतियों का सामना करते हुए निरंतर प्रगति की राह बनाती हैं। जी.एम.एन. कॉलेज संस्थान के सभी स्टाफ सदस्यों ने डॉ. नेहा अग्रवाल की इस उपलब्धि पर बधाई दी।




*जी.एम.एन. कॉलेज में रसायन विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ. नेहा अग्रवाल को 'डॉ. सरोजिनी नायडू इंटरनैशनल अवार्ड' प्रदान करते मुख्य अतिथि।*